दिन– बुधवार दिनांक– 15 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के आखिरी तीन चरणों के लिए चुनाव प्रचार हुआ तेज। भाजपा अध्यक्ष जे .पी. नड्डा आज मोतिहारी में जनसभा को संबोधित करेंगे।

02. निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों के नेताओं से चुनाव प्रचार के दौरान संयम बरतने का आग्रह किया।

03. सातवें और अंतिम चरण के चुनाव के लिए नामांकन समाप्त। दो सौ उन्नीस प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये। आज होगी नामांकन पत्रों की जांच।

04. और, राजस्व और भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव ने जमीन से जुड़े विवादों को नब्बे दिनों के अंदर निपटाने का दिया निर्देश।

---

लोकसभा चुनाव के पांचवें, छठे और सातवें चरण के लिए प्रचार तेज हो गया है। विभिन्न पार्टियों के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारक लगातार चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इधर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सुबह ग्यारह बजे पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र के सिलौना में जनसभा को संबोधित करेगें। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और लोजपा–रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र के हरसिद्धि और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र के महुआ में जनसभा को संबोधित करेंगे, जबकि जन्दाहा में रोड–शो करेंगे। वीआईपी के प्रमुख मुकेश सहनी मोतिहारी और गोपालगंज में चुनाव प्रचार करेगें। उधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी आज दो दिवसीय यात्रा पर पटना आ रहे हैं। भाजपा कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार वे आज देर शाम पटना आयेंगे और पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करेंगे। कल वे मधुबनी से भाजपा उम्मीदवार अशोक कुमार यादव के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

---

पटना जिले के पटना साहिब और पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर प्रचार तेज हो गया है। प्रमुख पार्टियों के उम्मीदवारों के साथ ही कार्यकर्ता भी सघन जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। जिला प्रशासन की ओर से भी मतदान बढ़ाने के लिए

जागरूता अभियान चलाया जा रहा है। अरवल जिले में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में युवा मतदाता संवाद का आयोजन किया गया। इस दौरान युवाओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गयी।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं को चुनाव के दौरान प्रचार अभियान के अच्छे उदाहरण पेश करने चाहिए। आयोग ने यह भी कहा है कि यह जिम्मेदारी नेताओं की है कि उनका चुनावी भाषण ऐसा हो, जिससे देश के सामाजिक ताने–बाने को नुकसान न पहुंचे। विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों पर हुई कार्रवाई के बारे में आयोग ने कहा कि सोलह मार्च को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से नब्बे प्रतिशत से अधिक शिकायतों का निपटारा किया गया है। आयोग ने कहा है कि राजनीतिक दलों की ओर से कोई भी बड़ी शिकायत लंबित नहीं है।

---

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए राज्य के आठ लोकसभा क्षेत्रों में आज नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। कल नामांकन के आखिरी दिन तक इन लोकसभा क्षेत्रों में दो सौ उन्नीस प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये। चुनाव आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नालंदा लोकसभा क्षेत्र से तैंतीस, पटना साहिब से बत्तीस, पाटलिपुत्र से चौबीस, आरा से बाईस, बक्सर से सत्ताईस, सासाराम से चौदह, काराकाट से सत्ताईस और जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र से चालीस प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। इधर, भोजपुर जिले के अगिआंव विधानसभा उपचुनाव के लिए आठ उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। इस चरण में उम्मीदवार सत्रह मई तक नाम वापस ले सकते हैं। मतदान एक जून को होगा।

---

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात सीवान लोकसभा सीट की। सीवान बिहार के उन आठ संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां छठे चरण में पच्चीस मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

भारत के पहले राष्ट्रपति देशरत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की जन्मस्थली; सिवान राजनीतिक रूप से काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। 1957 में अस्तित्व में आए इस लोकसभा सीट पर शुरुआती दिनों में कांग्रेस का प्रभुत्व रहा। वहीं, एक दौर में यह सीट बाहुबली शहाबुद्दीन को लेकर भी काफी चर्चा

में रही। पिछले दो लोकसभा चुनावों से इस सीट पर भाजपा और जद यू को जीत मिलती रही है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सिवान से जद यू की कविता सिंह को जीत मिली थी। उन्होंने राजद की हिना शहाब को पराजित किया था। हिना शहाब पूर्व सांसद शाहबुद्दीन की पत्नी हैं। इस बार एन डी ए में सीट बंटवारे के तहत यह सीट जद यू के खाते में आई है। पार्टी ने निवर्तमान सांसद कविता सिंह की जगह विजयलक्ष्मी देवी को उम्मीदवार बनाया है। विजयलक्ष्मी देवी जीरादेई से पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा की पत्नी हैं और पिछले दिनों उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोक मोर्चा को छोड़कर जद यू में शामिल हुई हैं। वहीं, विपक्षी गठबंधन ने राजद से पूर्व विधानसभाध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी को अपना उम्मीदवार बनाया है। श्री चौधरी वर्तमान में सिवान सदर से विधायक हैं। पूर्व सांसद शाहबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में हैं। सिवान सीट पर कुल 13 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं लेकिन जद यू की विजयलक्ष्मी देवी, राजद के अवध बिहारी चौधरी और निर्दलीय हिना शहाब के बीच ही त्रिकोणीय मुकाबला माना जा रहा है। विधानसभावार स्थिति देखें तो लोकसभा क्षेत्र के 6 में से 5 सीटों पर विपक्षी गठबंधन के विधायक हैं। सिर्फ एक सीट पर भाजपा का कब्जा है। सिवान, रघुनाथपुर और बड़हरिया पर राजद तो जीरादेई और दरौली पर भाकपा माले का कब्जा है। दरौंदा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक हैं। स्थानीय मुद्दों की बात करें तो क्षेत्र का पिछड़ापन, बेरोजगारी, महंगाई और पलायन प्रमुख हैं। लेकिन इन मुद्दों से अलग सभी प्रत्याशी सामाजिक समीकरणों की बदौलत अपनी जीत सुनिश्चित करने में लगे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्षेत्र के लगभग 19 लाख मतदाता जद यू की विजयलक्ष्मी देवी, राजद के अवध बिहारी चौधरी और निर्दलीय हिना शहाब में से किसके सर जीत का सेहरा बांधते हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए सिवान से आकाश कुमार की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से कसीम अहमद।

---

राजस्व और भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने सभी भूमि सुधार उपसमाहर्ता–डीसीएलआर को जमीन से जुड़े विवाद नब्बे दिनों में निपटाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि डीसीएलआर बिना दोनों पक्षों की सुनवाई किये किसी मामले को खारिज नहीं करेंगे। श्री सिंह ने इस संबंध में सभी प्रमंडलीय आयुक्त और जिलाधिकारी को भेजे आदेश में कहा है कि जिला स्तर पर ऐसे मामलों की लगातार समीक्षा और निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मामलों की नियमित समीक्षा से कार्यों के निष्पादन में तेजी आयेगी।

---

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने लोगों को पुलिस, केंद्रीय जांच ब्यूरो, नारकोटिक्स विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, प्रवर्तन निदेशालय और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारी बनकर धोखाधड़ी करने वालों से सावधान रहने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा है कि धोखाधडी के लिए ये लोग आम तौर पर पुलिस स्टेशनों और सरकारी कार्यालयों की तर्ज पर बने स्टूडियो का उपयोग करते हैं और पुलिस की वर्दी में रहते हैं। मंत्रालय के अनुसार यह एक संगठित ऑनलाइन आर्थिक अपराध है। मंत्रालय ने लोगों को सलाह दी है कि वे ऐसी घटना की सूचना तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर– **एक–नौ–तीन–शून्य** या **डब्लू डब्लू डब्लू डॉट साइबरक्राइम डॉट जीओवी डॉट इन** पर दें।

---

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने आकाशवाणी को अधिक प्रभावी, लचीला संगठन बनाने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने आकाशवाणी को डिजिटल माध्यम से श्रोताओं तक और अधिक पहुंच बनाने को भी कहा।

———बाईट———

श्री सहगल ने नई दिल्ली में आकाशवाणी मुख्यालय का दौरा किया और अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने उन प्रमुख क्षेत्रों पर भी चर्चा की, जिनमें गुणवत्तापूर्ण सामग्री तैयार करने के लिए सुधार की आवश्यकता है। श्री सहगल ने सामान्य समाचार कक्ष—जीएनआर और हिन्दी समाचार कक्ष सहित आकाशवाणी की अन्य इकाईयों का भी दौरा किया।

———————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में तापमान में बढ़ोतरी से एक बार फिर गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के नौ जिलों में अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। कुछ जगहों पर लू कि स्थिति भी बनी रही। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चार दिनों तक तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की और वृद्धि की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस. के. सुमन ने बताया कि अगले तीन दिनों तक राज्य के उत्तर—पश्चिम, उत्तर—पूर्व और दक्षिण—मध्य भागों में अधिकांश स्थानों पर हॉट—डे की स्थिति बनी रह सकती है।

———बाईट———

इधर, उन्नीस मई के बाद मौसम में परिवर्तन की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने और बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमीयुक्त पूरवा हवा के प्रभाव से प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है।

———————————————————

पूर्व उपमुख्यमंत्री और पूर्व सांसद सुशील कुमार मोदी का अंतिम संस्कार कल देर शाम पटना के दीघा घाट पर किया गया। उनके दोनों पुत्र उत्कर्ष तथागत और अक्षय अमृतांशु ने सम्मिलत रूप से मुखाग्नि दी। अंत्येष्टि के मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा, कई केन्द्रीय मंत्री और राज्य सरकार के मंत्री समेत सांसद और विधायक उपस्थित थे। गौरतलब है कि सुशील कुमार मोदी का सोमवार को देर शाम नई दिल्ली के एम्स में निधन हो गया था।

———————————————————

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के महानिदेशक यदुबीर सिंह रावत ने कहा है कि गंगा किनारे की प्राचीन सभ्यताओं का अध्ययन किया जाएगा और इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। उन्होंने पटना में कहा कि पांच हजार साल पहले की शहरी सभ्यता का पता हड़प्पा की खुदाई से चला है और मगध की राजधानी रहे राजगृह के आजाद शत्रु किला मैदान की खुदाई में छह सौ ईसवी पूर्व की शहरी संस्कृति के पुख्ता अवशेष मिले हैं। श्री रावत ने कहा कि दोनों काल के बीच की सभ्यताओं की खोज अभी बाकी है। इसके अध्ययन के लिए दीर्घकालीन योजना बनाई जाएगी।

---

सुपौल जिले में एसएसबी सीमा चौकी बेनालीपट्टी में सीमावर्ती क्षेत्र के युवकों में सेना, अर्धसैनिक बल और पुलिस की भर्ती के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया।

---

खगड़िया की जिला एवं सत्र न्यायाधीश काजल झा ने मंडल कारा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैदियों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया।

---

मधुबनी जिले के ललमनीया थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गयी।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के अंतिम संस्कार से जुड़ी खबरों को प्रमुखता दी है।

**हिन्दुस्तान** ने इस खबर का शीर्षक लगाया है– सुशील मोदी को नम आखों से दी गई अंतिम विदाई।

**दैनिक जागरण** ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नामांकन के बाद आयोजित सभा में उनके बयान के हवाले से लिखा है– उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का खाता नहीं खुलेगा।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– भाजपा नेता सत्यनारायण सिन्हा हत्याकांड में राजद विधायक रीतलाल बरी।

**प्रभात खबर** का शीर्षक है– बीते वर्ष पासापोर्ट बनवाने वालों की संख्या में बासठ हजार की कमी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. लोकसभा चुनाव के आखिरी तीन चरणों के लिए चुनाव प्रचार हुआ तेज। भाजपा अध्यक्ष जे .पी. नड्डा आज मोतिहारी में जनसभा को संबोधित करेंगे।

02. निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों के नेताओं से चुनाव प्रचार के दौरान संयम बरतने का आग्रह किया।

03. सातवें और अंतिम चरण के चुनाव के लिए नामांकन समाप्त। दो सौ उन्नीस प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये। आज होगी नामांकन पत्रों की जांच।

04. और, राजस्व और भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव ने जमीन से जुड़े विवादों को नब्बे दिनों के अंदर निपटाने का दिया निर्देश।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।